
# राजस्थान के बल्लेबाज ने अपने खेल से जीता स्मृति मंधाना का दिल




अब करने लगीं इस टीम को सपोर्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। आईपीएल 2020 में अब तक 12 मैच खेले जा चुके हैं और इन मैचों में एक तरफ जहां नामी खिलाड़ी रन बनाने को तरस रहे हैं तो वहीं युवा खिलाड़ी अपना दम जमकर दिखा रहे हैं। अब भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्मृति मंधाना ने इन्हीं खिलाड़ियों में से राजस्थान के एक बल्लेबाज का चयन किया है जिसकी वो ना सिर्फ सपोर्टर बन गई हैं बल्कि उनकी वजह से वो इस सीजन में इस फ्रेंचाइजी को सपोर्ट भी कर रही हैं। राजस्थान की टीम ने अब तक इस सीजन में अच्छा खेल दिखाया है और पहले तीन मैचों में से पहले दो मैचों में उसे जीत मिली जबकि आखिरी मैच में हार मिली। टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ सामने आकर टीम को लीड कर रहे हैं और इसका असर टीम के खेल पर साफ तौर पर दिख रहा है। इस टीम के स्टार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं तो वहीं संजू सैमसन बल्लेबाज के तौर पर सबसे खतरनाक दिख रहे हैं।

मंधाना ने कहा कि वो अब संजू सैमसन की बहुत बड़ी फैन बन गई हैं और उनकी पावर हिटिंग ने उन्हें इस सीजन में राजस्थान टीम का सपोर्टर बना दिया है। जिस तरह से युवा खिलाड़ी इस लीग में खेल रहे हैं और काफी प्रेरणादायक है। संजू सैमसन जिस अंदाज से बल्लेबाजी कर रहे हैं उसके बाद मैं उनकी बहुत बड़ी फैन बन गई हूं। मैंने राजस्थान रॉयल्स को सिर्फ संजू की वजह से स्पोर्ट करना शुरू किया है।

# टॉप 2 पर किंग्स इलेवन पंजाब के बल्लेबाजों का कब्जा

क्रिकेट

## आईपीएल 2020 में इस बल्लेबाज के पास है ऑरेंज कैप

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में टॉप 2 पर किंग्स इलेवन पंजाब के बल्लेबाजों का कब्जा है। अच्छे दोस्त और पंजाब के ये दो सलामी बल्लेबाजों ने अभी तक आईपीएल 2020 में शानदार प्रदर्शन किया है। दोनों ने आईपीएल 2020 में शतक लगाया है। केएल राहुल ने तीन मैचों में 1 बार नाबाद रहते हुए 222 रन बनाए हैं। राहुल इस सीजन के आईपीएल में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 156.33 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

दूसरे पायदान पर मयंक अग्रवाल हैं। वह अपने कप्तान से महज एक रन पीछे हैं। अग्रवाल ने तीन मैच की पारियों में 221 रन बनाए हैं। उन्होंने भी एक शतक लगाया है। अग्रवाल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शतक लगाया था। उन्होंने




170 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। इसके अलावा हाफ सेंचुरी भी लगाई है।

पंजाब की टीम ने अभी तक तीन में से दो मैचों में 200 से ज्यादा रन बनाए हैं। यह उनके मजबूत टॉप ऑर्डर के कारण ही संभव हो पाया है। इस सलामी जोड़ी ने पंजाब को मजबूत आधार दिया है। पंजाब को अगर टूर्नामेंट में आगे जाना है तो इन बल्लेबाजों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

**आईपीएल 2020 में इस गेंदबाज के पास है पर्पल कैपः** नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज कगिसो रबाडा इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। साउथ अफ्रीका के इस युवा तेज गेंदबाज के सिर पर इस समय पर्पल कैप है जो आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाज को दी जाती है।

रबाडा ने तीन मैचों में 7 विकेट लिए हैं। हालांकि मोहम्मद शमी ने भी सात विकेट लिए हैं लेकिन गेंदबाजी औसत और इकॉनमी के मामले में रबाडा आगे हैं।

रबाडा ने जहां 10.71 रन प्रति विकेट के हिसाब से गेंदबाजी की है वहीं शमी का औसत 11.71 का है। इतना ही नहीं रबाडा बेहद किफायती भी रहे हैं। उन्होंने 6.25 रन प्रति ओवर की दर से गेंदबाजी की है वहीं शमी ने 7.45 रन प्रति ओवर।

सैम करन, युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट और शेल्डन कॉटरेल ने पांच-पांच विकेट लिए हैं और वह इस लिस्ट में उनके बाद आते हैं। गुरुवार को किंग्स इलेवन पंजाब और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला होगा और ऐसे में शमी के पास रबाडा से आगे निकलने का सुनहरा मौका होगा।

# सीएसके के तेज गेंदबाज बायो-सिक्योर बबल तोड़ने वाले पहले खिलाड़ी बने

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दुबई। चेन्नै सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज यूएई में हो रही इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान बायो-बबल प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। इसके बाद उन्हें छह दिन क्वॉरनटीन में बिताने पड़े। अब वह दोबारा टीम के साथ प्रैक्टिस में जुट गए हैं।

एक अंग्रेजी अखबार की खबर के मुताबिक आसिफ के कमरे की चाबी खो गई और उसकी जगह पर दूसरी चाबी लेने होटल के रिसेप्शन पर चले गए। यह बाबो बबल प्रोटोकॉल का उल्लंघन है क्योंकि रिसेप्शन टीम के लिए तय बबल के अंदर नहीं आता।

इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक टीमों को इस नियम



उल्लंघन की भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। पहली बार नियम का तोड़ने पर छह दिन के लिए बिना पेमेंट के दोबारा क्वॉरनटीन में रहना पड़ेगा। दूसरी बार ऐसा करने पर दोगुना दिनों के लिए क्वॉरनटीन और इसके बाद एक मैच का सस्पेंशन शामिल है। अगर खिलाड़ी तीसरी बार ऐसा करता है तो उसे टूर्नामेंट से हटा दिया जाएगा और इसके बदले टीम को रिप्लेसमेंट भी नहीं मिलेगा। अखबार ने आईपीएल के एक सूत्र के हवाले से बताया, यह एक अनजाने में की गई गलती थी लेकिन नियमों का पालन तो करना ही होगा। वह छह दिन के लिए क्वॉरनटीन में गए और अब उन्होंने टीम के साथ प्रैक्टिस शुरू कर दी है।

चेन्नै के साथ इस सीजन में काफी परेशानियां आ रही हैं। सीजन शुरू होने से पहले ही उसके दल के 13 सदस्यों को कोरोना वायरस का संक्रमण हो गया था। इसमें दो खिलाड़ी भी शामिल थे। उन्हें एक अलग होटल में ले जाया गया और क्वॉरनटीन पूरा होने के बाद दोबारा बायो बबल में लाया गया। इसके अलावा चेन्नै की टीम में इस साल अनुभवी सुरेश रैना और हरभजन सिंह भी निजी कारणों से नहीं खेल रहे।

## ये टीम बनी नंबर वन और ये टीम है फिसड्डी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन की अंकतालिका में बुधवार 30 सितंबर को बड़ा फेरबदल हुआ है। 30 सितंबर तक सभी टीमों ने अपने 3-3 मुकाबले आईपीएल में खेल लिए हैं। इसके बाद प्वाइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम नंबर वन पर पहुंच गई है, क्योंकि बुधवार को राजस्थान रॉयल्स को अपने तीसरे मैच में हार झेलनी पड़ी है। राजस्थान रॉयल्स पहले से तीसरे स्थान पर खिसक गई है। दूसरे नंबर पर कोलकाता नाइट राइडर्स पहुंच गई है, जिसके चार अंक है। टॉप 4 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर भी है। दुबई में खेले जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन के अब तक खेले गए 12 मैचों में सिर्फ 4 ही टीमों के खाते में 4-4 अंक हैं, जबकि अन्य चार टीमें अभी तक एक-एक मुकाबला जीत पाई है। 2 अंक और बेहतर रन रेट के साथ किंग्स इलेवन पंजाब की टीम पांचवें नंबर पर है, जबकि मुंबई इंडियंस के पास भी दो अंक हैं और टीम छठे नंबर पर विराजमान है। आईपीएल 2020 की मौजूदा प्वाइंट्स टेबल में सातवें नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स 2 अंक और सबसे खराब नेट रन रेट की वजह से आठवें नंबर पर है।

## न्यूज डायरी




### जोफ्रा आर्चर ने अपने ही कप्तान को फेंकी आईपीएल 2020 की सबसे तेज गेंद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने शानदार खेल के दम पर आइपीएल 2020 के 12वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को पटखनी देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इन सब बातों के बीच राजस्थान के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने इस मुकाबले के दौरान आइपीएल के 13वें सीजन की सबसे तेज गेंद फेंक डाली। कमाल की बात ये है कि इस सीजन में अब तक यानी 12 मैच तक जो सबसे तेज 10 गेंदें फेंकी गई हैं उसमें से 9 तो जोफ्रा ने ही फेंकी है। केकेआर के खिलाफ पहली पारी के 14वें ओवर की चौथी गेंद पर जोफ्रा आर्चर का सामना इयोन मोर्गन कर रहे थे। आपको बता दें कि इयोन मोर्गन इंग्लैंड क्रिकेट टीम के सिमिति प्रारूप के कप्तान हैं और जोफ्रा उनकी ही कप्तानी में खेलते हैं, लेकिन मोर्गन आइपीएल में केकेआर के लिए इस सीजन में खेल रहे हैं। जोफ्रा आर्चर ने जो गेंद मोर्गन को फेंकी थी उसकी स्पीड 152.1 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। इस गेंद को मोर्गन मिड-विकेट की दिशा में धकेलने में कामयाब रहे थे और उन्होंने एक रन लिया।

### 7 साल बाद 7वें नंबर के बल्लेबाज ने राजस्थान के लिए ठोकी फिफ्टी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली राजस्थान ने आइपीएल 2020 के पहले दो मैचों में रॉयल जीत दर्ज की थी उसके बाद तो यही माना जा रहा था कि केकेआर के खिलाफ इस टीम का प्रदर्शन भी खास रहने वाला है। हालांकि ऐसा नहीं हो पाया और दिनेश कार्तिक की कप्तानी वाली कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने राजस्थानी की शानदार बल्लेबाजी लाइनअप की धज्जियां उड़ा दी। आइपीएल के 12वें मुकाबले में केकेआर ने राजस्थान को 37 रन से हराया। इस मैच में केकेआर ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 174 रन बनाए। इसके जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 137 रन तक ही पहुंच पाई। राजस्थान के जो 9 बल्लेबाज आउट हुए उनमें से 7 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए जिसमें टीम के दिग्गज बल्लेबाज भी शामिल रहे।

### अंडर-19 के तीन छोरों ने निकाली राजस्थान रॉयल्स की हवा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग में धमाकेदार अंदाज में शुरुआत की थी। पहले मैच में चेन्नई के खिलाफ आतिशी पारी खेल सबको हैरान किया तो दूसरे मैच में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ प्ब्स इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर दिखाया। राजस्थान के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स द्वारा दिए गए 175 रन के स्कोर को आसान माना जा रहा था लेकिन टीम 137 ही बना पाई। राजस्थान के आतिशी बल्लेबाज क्रम पर जिन तीन गेंदबाजों ने वार किया उनमें से गिल के अलावा किसी के भी पास इंटरनेशनल मैच खेलने का अनुभव नहीं है। अंडर 19 टीम के लिए खेलने वाले शिवम मावी, कमलेश नागरकोटी और शुभमन गिल ने राजस्थान की सधी हुई विदेशी धुरंधरों की टीम को पस्त कर दिया। नागरकोटी और मावी ने 2-2 विकेट चटकाए तो गिल ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए।

### सबसे ज्यादा छक्के तो खाएं भी हैं सबसे ज्यादा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक कुल 12 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इस दौरान सबसे ज्यादा छक्के किस टीम ने लगाए हैं, यह हर कोई जानना चाहता है। इस सीजन में सबसे ज्यादा बड़ा स्कोर अब तक राजस्थान रॉयल्स और किंग्स इलेवन पंजाब की टीम ने खड़ा किया है। छक्के लगाने के मामले में भी यह दोनों टीमें ही आगे है लेकिन पहले नंबर पर राजस्थान की टीम है। वैसे कमाल की बात यह है कि सबसे ज्यादा छक्के भी इसी टीम ने खाए हैं। इस सीजन के 12 मुकाबलों में सबसे सबसे यादगार मुकाबला राजस्थान और पंजाब के बीच खेला गया मैच रहा। इस मैच में 449 रन बने जिसमें राजस्थान की टीम ने 224 रन का लक्ष्य हासिल कर टूर्नामेंट के अब तक सबसे सारे पिछले रिकॉर्ड तोड़ डाले।